# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 15 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार , 01 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाईः 12 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 5 जेसीबी जब्त, दर्जनभर से अधिक आरोपी डिटेन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला स्पेशल टीम एवं पुलिस थाना सदर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं आरपीएस श्यामसुंदर विश्नोई के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई है ।

गौरतलब है की अवैध खनन रोकथाम के तहत जिला स्तर पर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।



इसी कड़ी में सोमवार को थाना क्षेत्र आकोला के कोठारी नदी तट पर अवैध बजरी खनन की सूचना पर पांच टीमों का गठन कर संयुक्त रूप से दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान 12 ट्रैक्टर ट्रॉली, 5 जेसीबी तथा करीब एक दर्जन से अधिक खनन माफिया मौके से डिटेन किए गए।

इन आरोपियों के विरुद्ध खनन से संबंधित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है। कार्यवाही के दौरान अवैध बजरी परिवहन में लिप्त वाहनों को जब्त कर थाने में खड़ा करवाया गया है।

## राजस्थान के चीफ जस्टिस बोले-मैं भी डिजिटल अरेस्ट होते-होते बचाःमेरे पास भी कॉल आया था

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव भी डिजिटल अरेस्ट का शिकार होने से बच गए। मुख्य न्यायाधीश ने सोमवार को यह टिप्पणी डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम से जुड़े अपराधों में बढ़ोतरी से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान की।

दरअसल, हाईकोर्ट ने जनवरी में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों को लेकर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया था। सोमवार को सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस मनीष शर्मा की खंडपीठ इस मामले में सुनवाई कर रही थी।

सुनवाई के दौरान सीजे श्रीवास्तव ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- मैं भी डिजिटल अरेस्ट होने का शिकार होते-होते बचा। एक बार मेरे पास भी एक कॉल आया था। मैंने तुरंत ही अपना मोबाइल रजिस्ट्रार को दे दिया।



रजिस्ट्रार ने ही उस कॉल को लेकर निस्तारित किया।

### केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

हाईकोर्ट ने मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेकर केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा था, लेकिन उनकी तरफ से जवाब पेश नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने कहा- सरकार अपना जवाब पेश करे। कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड में निर्दोष लोगों ने न केवल अपनी कमाई गंवा दी, बल्कि कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है।

इन अपराधों से आमजन को बचाने और इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार ने इन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाए हैं, लेकिन फिर भी इनकी रोकथाम के लिए ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है।

### आरबीआई सिस्टम डवलप करें

कोर्ट ने मामले में आरबीआई को भी निर्देश देते हुए गंभीर कदम उठाने की जरूरत बताई थी। कोर्ट ने कहा था कि आरबीआई और सरकार की शिकायत निवारण समिति को पोर्टल या वेबसाइट या मोबाइल नंबर पर प्राप्त होने वाली धोखाधड़ी से आमजन को बचाने के लिए भी एक सिस्टम डवलप करने की जरूरत है, ताकि निर्दोषों के पैसे को बचाया जा सके।

## पुलिस थाना मंगरोप द्वारा अवैध बजरी परिवहन करते हुए दो डंपर जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगरोप थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर जब्त किए हैं। ये डंपर बिना परमिट के बजरी का परिवहन कर रहे थे। थाना अधिकारी विजय मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 29 जून की रात को यह कार्रवाई महेशपुरा में की। पुलिस ने बताया की उन्हें सूचना मिली थी कि महेशपुरा से बनास नदी की तरफ अवैध बजरी लेकर दो डंपर निकल रहे हैं। टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची, जहाँ डंपर के चालक पुलिस को देखकर मौके पर ही बजरी खाली कर भाग छूटे ।

जांच में पाया गया कि दोनों वाहन बिना रॉयल्टी और बिना वैध अनुमति के बजरी परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने दोनों वाहनो को जब्त करते हुए मामला दर्ज किया हैं।

## माण्डलगढ़ में रविवार रात्रि चोरों का धावा, हजारों के माल पर किया हाथ साफ



**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

नगर में रविवार रात्रि के समय चोरों ने पुरानी आबादी,बोलपुरिया क्षेत्र में धावा बोला व कई घरों में घुसकर हजारों के माल पर हाथ साफ किया। नगवासियों में पूर्व मंडी अध्यक्ष रतनलाल खटीक,पार्षद लादूलाल खटीक,लोकेश बाफना सहित अन्य लोगो ने बताया कि रविवार रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने कई घरों में घुसकर हजारों की नकदी व जेवर पार कर लिए। नगर की पुरानी आबादी निवासी दुर्गा पिता घीसुलाल माली के घर की छत की ओर से प्रवेश कर हजारों रुपए के सोने चांदी के गहने व करीब 35 हजार रुपए की नकदी पार कर गए। इसी प्रकार नगर बोलपुरिया इलाके में तीन-चार घरों में चोरों द्वारा चोरी की घटनाएं घटित करने की नगरवासियों द्वारा जानकारी मिली है। उधर पीड़ित दुर्गा लाल माली द्वारा घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में दी गई जिस पर पुलिस थाने की टीम घटनास्थल पर पहुंची व मौके का जायजा लिया। नगवासियों ने पुलिस गश्त व्यवस्था को बढ़ाने की मांग की है वहीं पुलिस प्रशासन ने भी रात्रि के समय सन्दिग्ध दिखने वाले लोगो की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए है।

## मेहंदीपुर बालाजी में श्रद्धालुओं पर बाउंसरों का कहर डंडों से पीटा; महिलाओं को नहीं बख्शा

**भीलवाड़ा फोकस @ दौसा**

दौसा जिले में स्थित प्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी मंदिर एक बार फिर विवादों में घिर गया है। आस्था और विश्वास का केंद्र माने जाने वाले इस मंदिर में सोमवार को जो नजारा देखने को मिला, उसने श्रद्धा को शर्मसार कर दिया। मंदिर प्रांगण में तैनात बाउंसरों ने श्रद्धालुओं पर इस कदर कहर बरपाया कि कई लोग लहूलुहान हो गए। हैरान कर देने वाली बात ये रही कि महिला श्रद्धालुओं तक को इन बाउंसरों की लाठियों से नहीं बख्शा गया। घटना सोमवार दोपहर की है, जब मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। भीड़ को नियंत्रित करने के नाम पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा तैनात बाउंसरों ने श्रद्धालुओं से बदसलूकी शुरू कर दी। लाइन लगाने को लेकर हुई मामूली कहासुनी ने कुछ ही देर में हिंसक रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले बाउंसरों ने गालियां दी, फिर देखते ही देखते लाठी-डंडों से श्रद्धालुओं को पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में सात श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं। कुछ के सिर फूट गए तो कुछ के हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आईं। लेकिन सबसे शर्मनाक पहलू यह रहा कि घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी मंदिर प्रशासन ने नहीं उठाई। घायल श्रद्धालु अपने साधनों से खुद अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद पीड़ित श्रद्धालुओं ने टोडाभीम थाने में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन बाउंसरों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस पूरे



मामले में मंदिर ट्रस्ट के सेक्रेटरी मनोज माथुर से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने बार-बार कॉल करने के बावजूद फोन नहीं उठाया, जिससे संदेह और गहराता जा रहा है। इस सनसनीखेज घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर में महिला बाउंसरों की तैनाती क्यों नहीं की जाती? जहां एक ओर पुरुष बाउंसर हर कोने में मौजूद हैं, वहीं महिलाओं की भीड़ को भी यही पुरुष गाली-गलौज और धक्कामुक्की कर नियंत्रित करते हैं। क्या ट्रस्ट के पास महिला बाउंसर तैनात करने का बजट नहीं या फिर ये जानबूझकर किया जा रहा अनदेखा?

## बीगोदः ट्रांसफार्मर से तांबा व तेल चोरी, खंभे पर खाली बॉडी छोड़ भागे चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

क्षेत्र के सोपुरा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने बिजली के ट्रांसफार्मर से तांबा और आयल चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार, गांव में मोबाइल टावर के लिए लगाए गए सिंगल फेज ट्रांसफार्मर को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने 11 हजार केवी की लाइन का तार काटकर खंभे पर चढ़ते हुए ट्रांसफार्मर से तांबा और तेल निकाल लिया।

चोरी के बाद चोर खंभे पर ही ट्रांसफार्मर की खाली बॉडी छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों को सुबह



ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त मिलने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद बड़लियास थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।




## विधायक कार्यालय पर बोहरा का जुडो एसोसियशन जिलाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेन्द्र बोहरा को जुडो एसोसियशन भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष बनने पर विधायक कार्यालय पर विधायक लालाराम बैरवा द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया व मिठाई खिलाकर मुह मीठा किया गया एवं बधाई और शुभकामनाये दी गईइस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष पंकज सुगन्धी,महावीर सैनी, नटवर खटीक,चन्द्र प्रकाश चौधरी आदि सदस्य मौजूद रहे।

## बाल सम्प्रेषण एवं किशोर गृह पालडी का जिला न्यायाधीश ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आज अभय (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अध्यक्ष ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा अभय जैन ने जिले मे संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पालडी का आकस्मिक निरीक्षण किया ।

जिला एंव सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने प्रिसींपल मजिस्ट्रेट श्रीमती देवांगनी ओदिच्य से किशोरो के लंबित प्रकरणों एवं उनकी प्रगति के बारे में जानकारी ली । अधीक्षक श्री गौरव सारस्वत से किशोरो के स्वास्थय तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं , भोजन व अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई । निरीक्षण में साफ सफाई,भोजन आहार की व्यवस्थता,चिकित्सा सुविधा,बालगृह का वातावरण एवं वंहा किशोरो के रहने की व्यवस्थता व बालको के हितो की रक्षा आदि को देखा गया । जिला एंव सेशन न्यायाधीश ने परिसर में साफ सफाई रखने एव अन्य आवश्यक निर्देश संबधित अधिकारी को दिए । इसी क्रम में आज एवरेस्ट आश्रय स्थल का भी निरीक्षण कर प्रबधंक कल्पना जौहरी से बच्चों को दी जा रही सुविधाओं बाबत् विस्तृत जानकारी ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गये । निरीक्षण के दौरान विशाल भार्गव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा भी उपस्थित थे ।

## मास्टर ट्रेनर्स का ऑनलाईन प्रशिक्षण 1 जुलाई को

**प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स बीएलओ को देंगे 3 जुलाई से प्रशिक्षण**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मास्टर ट्रेनर्स का ऑनलाईन प्रशिक्षण 1 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से 6 बजे तक के मध्य डीओआईटी के माध्यम से राज्य स्तर से होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीएलओं को 3 जुलाई से 17 जुलाई के मध्य जिला तथा विधानसभा स्तर पर सम्पन्न किये जाने वाले प्रशिक्षण दिनांक 3,4,7,8,9,14 एवं 15 जुलाई को आयोजित किये जायेगे।

## जरूरतमंदों के लिए ओम शांति सेवा संस्थान में भेंट की एंबुलेंस वैन

**भीलवाड़ा यूनाइटेड राउंड टेबल 184 एवं भीलवाड़ा यूनाइटेड लेडीज़ सर्कल 96 के संयुक्त तत्वावधान में सराहनीय पहल**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा यूनाइटेड राउंड टेबल 184 एवं भीलवाड़ा यूनाइटेड लेडीज़ सर्कल 96 के संयुक्त तत्वाधान में एक सराहनीय पहल के तहत एंबुलेंस वैन का दान किया गया। यह कार्यक्रम मंगरोप रोड स्थित ओम शांति सेवा संस्थान (ओल्ड एज होम), मे आयोजित किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता टीआर मेहुल रारा (चेयरमैन 2024-25) एवं सीआर मोनिका दरक (चेयरपर्सन 2024-25) एवं आदि मेंबर मौजूद थे। इस दान के माध्यम से बुजुर्गों और जरूरतमंद रोगियों की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह सामाजिक योगदान समाज के प्रति सेवा और दायित्व की एक प्रेरणादायक मिसाल है।

## आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा द्वारा आयोजित सीए स्पोर्ट्स महोत्सव संपन्न

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स दिवस, विशाल रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई.सी.ए.आई.) की भीलवाड़ा शाखा द्वारा ओस्तवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सहयोग से आयोजित ÷सीए स्पोर्ट्स महोत्सव 2025÷ रविवार को पंचवटी स्थित एल2सी बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्स क्रिकेट के फाइनल मुकाबले के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सीए स्पोर्ट्स महोत्सव के मुख्य समन्वयक सीए नरेश जागेटिया ने बताया कि रविवार को ओपन बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमी फाइनल टीम एच बनाम टीम टर्फ टाईटन्स के मध्य खेला गया जिसमें टीम एच ने 71 रन से जीत हासिल की। इस श्रंखला का फाइनल मैच टीम एच बनाम टीम सीए हंटर के मध्य खेला गया। जिसमे टीम एच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 2 विकेट के नुक्सान पर 220 रन का लक्ष्य खड़ा किया जिसे चेज करते हुए टीम सीए हन्टर्स ने 12 ओवर में 5 विकेट खो कर 177 रन पर हि सिमट गयी तथा टीम एच ने 42 रन से जीत हासिल करी द्य इस टूर्नामेंट में बेस्ट बल्लेबाज टीम एच से सीए चिन्मय कोगटा, बेस्ट गेंदबाज टीम एच से सीए पुलकित राठी तथा इस प्लेयर ऑफ़ दी टूर्नामेंट सीए चिन्मय कोगटा रहे। शाखा अध्यक्ष सीए आलोक सोमानी ने पूरे टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए समन्वयक सीए नवीन बागरेचा, नवीन कोगटा, भंवर माली, मोहित लढा, नवनीत तोतला, रमेश चंद्र व्यास एवं प्रखर नुवाल का आभार प्रकट किया द्य साथ हि बताया कि सीए स्पोर्ट्स महोत्सव 2025 में 300 से अधिक चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

1 जुलाई को होगा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स दिवस का भव्य आयोजन

शाखा सचिव सीए अक्षय सोडानी ने बताया कि 1 जुलाई को आईसीएआई का 77वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर भीलवाड़ा शाखा द्वारा ध्वजारोहण, ग्रीन इंडिया के तहत पौधारोपण किया जायेगा, उसके बाद सीए स्पोर्ट्स महोत्सव का पुरस्कार वितरण, वरिष्ठ सीए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। हर वर्ष की भांति एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पटेल नगर स्थित आईसीएआई. भवन पर किया जाएगा। शाखा द्वारा सभी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, सीए विद्यार्थियों एवं नगर वासियों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाएं और जरूरतमंद के जीवन में आशा की किरण बनें।

40+ बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम नरेश रही फाइनल विजेता

सीए स्पोर्ट्स महोत्सव के द्वितीय मुख्य समन्वयक सीए दिनेश आगाल ने बताया कि 40. बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मैच टीम नरेश बनाम टीम राकेश के मध्य खेला गया जिसमे टीम नरेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 44 रन बनाये जिसे चेज करते हुए टीम राकेश ने 6 ओवर में 4 विकेट पर 33 रन हि बना पाई द्य तथा टीम नरेश 11 रन से विजेता रही। इस टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज सीए सुनील सोमानी, बेस्ट गेंदबाज सीए नवीन काकानी, प्लेयर ऑफ़ दी टूर्नामेंट दिनेश जैन रहे।

# संगठन में सभी के सामूहिक रूप से जुड़ने से उसकी शक्ति कई गुना बढ़ जाती हैः त्रिलोक छाबड़ा

**डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती पर विचार गोष्ठी, राष्ट्र सेवा में उनके योगदान को किया याद**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में भीलवाड़ा नगर की सभी शाखाओं ने भारत विकास भवन, शास्त्रीनगर में एक सामूहिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों ने भारतमाता, स्वामी विवेकानंद एवं परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। मातृशक्ति ने संगीत के साथ सामूहिक राष्ट्र गीत का गायन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि त्रिलोक छाबड़ा (समाजसेवी एवं उद्योगपति) और विशिष्ट अतिथि डॉ. शंकर लाल माली (चित्तौड़ प्रांत कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) उपस्थित रहे। सर्वप्रथम, श्याम कुमावत ने अपने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि त्रिलोक छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में संगठन की शक्ति को अंकों के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा, संगठन में सभी के सामूहिक रूप से जुड़ने से उसकी शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि किस प्रकार १शू के आगे १शू लिखने और उसके आगे १शू और इस प्रकार क्रमशः जुड़ने के क्रम से उस अंक की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है, इसी रूप से उन्होंने संगठन के भाव को समझाया। कार्यक्रम में मुख्य उद्बोधन बलराज आचार्य एवं योगेन्द्र शर्मा का रहा। बलराज आचार्य ने अपने उद्बोधन में डॉ. सूरज प्रकाश के जीवन प्रसंगों को बताते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी डॉ. सूरज प्रकाश ने अपने लक्ष्य को नहीं डिगने दिया और भारत विकास परिषद के रूप में एक पौधे को रोपित किया जो आज वट वृक्ष के रूप में विस्तृत हो चुका है। डॉ. शंकर लाल माली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र रूपी मजबूत इमारत का निर्माण नींव के पत्थर के रूप में स्वयं को राष्ट्र के लिए समर्पित करने वालों के बल पर ही होता है। उन्होंने डॉ. सूरज प्रकाश की तुलना नींव के पत्थर से की, जो अदृश्य रहकर भी राष्ट्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योगेन्द्र शर्मा ने डॉ. सूरज प्रकाश के जीवन दर्शन एवं परिषद के सेवा कार्यों को लेकर सुंदर काव्यपाठ किया, जिसने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने परिषद के सेवा कार्यों की ओर इंगित करते हुए राष्ट्र सेवा में डॉ. सूरज प्रकाश के योगदान को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम के दौरान मुकनसिंह राठौड़, शांति लाल पानगड़िया, रामेश्वर लाल काबरा, गोविंद प्रसाद सोडानी, अमित सोनी, अरुण बाहेती, रजनीकांत आचार्य, महावीर सोनी, कैलाश आचार्य, गुणमाला अग्रवाल, पीएन मिश्रा, पंकज लोहिया, सुभाष मोटवानी, कुलदीप माथुर, किशन गोपाल सोनी, कैलाश शर्मा, स्नेहलता तोषणीवाल, एवं सभी शाखाओं के दायित्व धरियों के साथ-साथ सभी शाखाओं के सदस्यों एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन किरण सेठी एवं विनोद कोठारी ने किया।

# QUICK BITES

## सीए महावीर गाँधी कांग्रेस सीए प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सीए दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस सीए प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नितिन व्यास ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भीलवाड़ा के वरिष्ठ सीए महावीर गाँधी को सीए प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष एवं अजमेर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया। नवनियुक्त उपाध्यक्ष सीए महावीर गाँधी ने बताया की राजस्थान प्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नितिन व्यास के नेतृत्व में कार्यभार सम्भाल कर संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया। गाँधी ने बताया की प्रकोष्ठ का प्रमुख उद्देश्य आमजन की आर्थिक समस्याओ के समाधान के लिए आवाज उठाना तथा वेतनभोगी एवं व्यापार-उद्योग जगत की कराधान एवं अन्य आर्थिक समस्याओं को सरकार के समक्ष रखना है।

## ब्रह्माकुमारी आश्रम में वियतनाम प्रतिनिधिमंडल का स्वागत, विधायक खंडेलवाल हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां



कस्बे स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम में सोमवार को वियतनाम से आए 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और स्थानीय ग्रामवासियों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भी शिरकत की।

आश्रम की प्रभारी रचना दीदी ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि आज विदेशी नागरिक भारतीय संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जबकि हमारे देश के लोग पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को अपनाने और मेडिटेशन को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, और हमें भी आध्यात्मिक उन्नति के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने मेडिटेशन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से विधायक को समृद्धि चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल एक वियतनामी बालिका ने सितार पर सुंदर संगीत प्रस्तुत किया और अंग्रेज़ी में जनसमूह का आभार व्यक्त किया। यह प्रतिनिधिमंडल आठ दिन तक आश्रम में रहकर आध्यात्मिक ज्ञान और मेडिटेशन का अभ्यास करेगा।

संगोष्ठी में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जैन, पूर्व अध्यक्ष पूजा चंद्रावल, मनोज सनाढ्य, शांतिलाल जोशी, विट्ठल तिवारी, अमित जैन, उमाशंकर वैष्णव, अनिल टॉक, शिव चंद्रावल, बलवंत जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## अमर शहीद बीरबल सिंह जीनगर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि व छात्र सम्मान समारोह आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी



जीनगर समाज द्वारा अमर शहीद बीरबल सिंह जीनगर की 79वीं पुण्यतिथि सोमवार को जीनगर धर्मशाला, केकड़ी में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट के मौन से की गई। इस अवसर पर समाज के 8वीं से 12वीं तक के 30 मेधावी छात्र-छात्राओं को 1100 नकद, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भंवरलाल चौहान ने शहीद बीरबल सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे आजादी की लड़ाई के नायक रहे। विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण न्याती ने शहीदों को अनुशासन और समर्पण की मिसाल बताया। समारोह की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष रतनलाल पंवार ने की। मंच संचालन महामंत्री सुरेश चौहान ने किया। कार्यक्रम में नौरतमल चौहान, जानकीलाल निर्वाण, गोविंद चौहान, गिरीश चंदेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा बास्केटबॉल टीम ने मेडल जीता

## जिला बास्केटबॉल संघ भीलवाड़ा ने किया कोच व विजेता टीम का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिला बास्केटबॉल संघ भीलवाड़ा के तत्वाधान में जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता हुई थी। चयन समिति प्रमुख अजय भण्डारी द्वारा टीमों का चयन किया गया। चयनीत टीम का प्रशिक्षण शिविर जिला संध के सचिव प्यारेलाल खोईवाल व संघ के अध्यक्ष अजय भण्डारी के देखरेख में मार्गनिदेशक, टेक्नीकल सुझावों और कठिन परिश्रम में करवाया गया। हनुमानगढ़ में 50वीं सब जुनियर स्टेट बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 27.06.2025 से 29.06.2025 तक हुआ, इस प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले के बालक-बालिका दोनों वर्गों की टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग का पहला मैच जयपुर में हुआ। अंतिम क्षणों में 59-61 से हार कर प्रतियोगिता के पदक की दौड़ से बाहर हो गये। बालिका वर्ग में अपने सारे मैचों को जीतकर सेमीफाईल में पदक विजेता टीम से संघर्षपूर्ण मैच में अंतिम क्षणों में हार गयी। मगर प्रतियोगिता के पदक दौड़ में थी। भीलवाड़ा बालिका टीम ने बाड़मेर को 29-5, क्वार्टर फाईनल में मेजबान हनुमानगढ़ को 34-20 से हराकर मेजबानी दर्शकों का दिल जीत लिया। अंतिम मैच में श्री गंगानगर को 34-6 से हराकर भीलवाड़ा की बालिका टीम ने कास्य पदक का मेडल जीता। भीलवाड़ा की बालिका वर्ग की कास्य पदक टीम में - भूमि खटीक (कप्तान), न्यासा सेनी, ज्योति जगरबाल, मेहरीन रंगरेज, रिमशा डडवाड़िया, रीचा लालवानी, पूर्वी पारीक, रव्या सेनी, सोम्या खटीक, वर्षा बैरवा, वैदेही श्रोत्रिय, दिव्यांशी खटीक, टीम के मुख्य कोच राजेश नैनावटी, सहायक कोच जसवंत खोईवाल, टीम मैनेजर वंशिका गुलिया। आज राजेश नैनावटी, जसवंत खोईवाल, वंशिका और भीलवाड़ा पदक विजेता टीम का सम्मान किया गया। सम्मान करने में मुख्य रूप से जिला संघ के सचिव प्यारेलाल खोईवाल, अध्यक्ष अजय भण्डारी, कोषाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़, लक्ष्मीनारायण डाड, शंकर गट्टानी, महेश डाड, निर्मल पाटनी, राजेन्द्र पालरिया, मो. हारून, शिव खोईवाल, रणजीत खोईवाल, लोकेश खटीक, गुणवन्त सिंह, सुज्ञान सुराणा, महिपाल सिंह, सिद्धार्थ सिंघवी, राहुल जायसवाल, अभी जैन, सुमित चण्डालिया, बाबु खटीक, अभिषेक खटीक आदि उपस्थित थे। खिलाड़ियों का सम्मान कर मिठाई खिलाई गयी एवं उज्वल भविष्य के लिये खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। जहां अध्यक्ष ने कठिन मेहनत के लिये प्रेरणा दी, प्यारेलाल खोईवाल ने खिलाड़ियों को फिटनेस के टिप्स दिये। अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मोहित भण्डारी, शिव खोईवाल ने भी टिप्स दिये। आगे के लिये ओर अच्छी मेहनत के लिये कोच राजेश नैनावटी व जसवंत खोईवाल को प्रेरणा दी।

### जरूरतमंदों के लिए ओम शांति सेवा संस्थान में भेंट की एंबुलेंस वैन

## भीलवाड़ा यूनाइटेड राउंड टेबल 184 एवं भीलवाड़ा यूनाइटेड लेडीज़ सर्कल 96 के संयुक्त तत्वावधान में सराहनीय पहल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा




भीलवाड़ा यूनाइटेड राउंड टेबल 184 एवं भीलवाड़ा यूनाइटेड लेडीज़ सर्कल 96 के संयुक्त तत्वावधान में एक सराहनीय पहल के तहत एंबुलेंस वैन का दान किया गया। यह कार्यक्रम मंगरोप रोड स्थित ओम शांति सेवा संस्थान (ओल्ड ऐज होम), मे आयोजित किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता टीआर मेहुल रारा (चेयरमैन 2024-25) एवं सीआर मोनिका दरक (चेयरपर्सन 2024-25) एवं आदि मेंबर मौजूद थे। इस दान के माध्यम से बुजुर्गों और ज़रूरतमंद रोगियों की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह सामाजिक योगदान समाज के प्रति सेवा और दायित्व की एक प्रेरणादायक मिसाल है।

## शाहपुरा जिले की बहाली की मांग को लेकर जिला बचाओ संघर्ष समिति ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम दिया स्मरण पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले शाहपुरा जिले की बहाली की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को समर्पण पत्र देकर शाहपुरा जिले की बहाली की मांग की गई। जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि विगत 11 जून को जिला बचाओ संघर्ष समिति प्रतिनिधि मंडल शाहपुरा विधायक डॉ लालाराम बेरवा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर मिला और शाहपुरा जिले की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन की जानकारी देते हुए शाहपुरा जिले की बहाली की मांग की । जिस पर मुख्यमंत्री ने ठोस आश्वासन देते हुए अपनी ही सरकार में इसी कार्यकाल में शाहपुरा को वापस जिला बनाने की बात कही । मुख्यमंत्री से मिले ठोस आश्वासन के बाद संघर्ष समिति द्वारा प्रत्येक माह की 28 तारीख स्मरण पत्र मुख्यमंत्री के नाम देना तय किया लेकिन शनिवार को अवकाश होने के कारण आज दिनांक 30 जून सोमवार को संघर्ष समिति के बैनर तले संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को स्मरणपत्र देकर किए गए वादे को याद दिलाते हुए शीघ्र शाहपुरा जिले की बहाली की मांग की गई। शाहपुर जिले की समाप्ति के बाद संघर्ष समिति द्वारा शाहपुर जिले की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन किया गया और प्रतिनिधि मंडल ने 2 जून को प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मदन राठौड़ से मुलाकात की सकारात्मक आश्वासन मिलने पर वार्ता और संवाद का दौर जारी रहा आगे भी संघर्ष समिति द्वारा शाहपुर जिले की बहाली की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से निरंतर सकारात्मक प्रयास जारी रहेगा। मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को स्मरण पत्र देने के अवसर पर जिला बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक राम प्रसाद जाट महासचिव कमलेश मुंडेतिया अभिभाषक संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याणमल धाकड़ अधिवक्ता मोहम्मद शरीफ ताज मोहम्मद संघर्ष समिति सदस्य सत्यनारायण पाठक उदय लाल बेरवा हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा रामेश्वर लाल धाकड़ दुर्गा लाल जोशी रामस्वरूप टेपन अविनाश शर्मा पंकज पाराशर अरुण राव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### शाहपुरा में सब जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का भव्य समापन

# बालक वर्ग में उदयपुर और बालिका वर्ग में जयपुर ने जीती जनरल चैंपियनशिप, दो नए रिकॉर्ड भी बने

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचन्द पेसवानी )

शाहपुरा नगर परिषद के तरणताल पर आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का समापन समारोहपूर्वक हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए युवा तैराकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विशेष उत्साह देखा गया, जिसमें खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, आयोजकों और गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता के बालक वर्ग में उदयपुर ने 39 अंकों के साथ जनरल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, वहीं बालिका वर्ग में जयपुर ने 33 अंक प्राप्त कर जनरल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में बालक वर्ग में उदयपुर के हर्षादित्य सिंह और बालिका वर्ग में चित्तौड़गढ़ की अशिंका धाकड़ को चुना गया। प्रतियोगिता के समापन दिन दो नए राज्य स्तरीय रिकॉर्ड बने, जबकि पहले दिन सात नए रिकॉर्ड दर्ज किए गए थे। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान तैराकी संघ के तत्वावधान में किया गया। उद्घाटन समारोह में स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने अध्यक्षता की, जबकि नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समापन के अवसर पर सभापति सोनी ने कहा, ÷शाहपुरा का तरणताल राज्य में एक मिसाल बन चुका है। यहां पर



तैराकों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।÷ उन्होंने जल्द ही तरणताल पर स्टेडियम में टिन शेड लगाने की घोषणा की, जिससे अभ्यासरत खिलाड़ियों को मौसम की मार से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई और तैराकी संघ के पदाधिकारियों से शाहपुरा में तैराकों के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की।

आयोजन सचिव महाव्रत गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता का परिचय दिया। वेदप्रकाश सुथार ने आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर तैराकी संघ के पदाधिकारी, कोच व अभिभावक गण मौजूद रहे।

## बालिका वर्ग में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन--

राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने बताया कि बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं अत्यंत रोमांचक रहीं। 200 मीटर फ्री स्टाइल में चित्तौड़गढ़ की अंशिका धाकड़ ने 2.34.49 मिनट का समय लेकर नया रिकॉर्ड बनाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बटरफ्लाई में भी अंशिका ने 1.24.50 मिनट का समय लेकर एक और नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। अन्य विजेताओं में जयपुर की अश्विका चैधरी, यशस्वी अग्रवाल, सिद्विक्षा कावड़िया तथा भीलवाड़ा की आराध्या व्यास, निकिता चैधरी और कल्पना कहार शामिल रहीं। 4 गुणा 50 मीटर फ्री स्टाइल रिले में जयपुर की टीम ने प्रथम स्थान पाया जबकि भीलवाड़ा और कोटा की टीमों ने क्रमशरू द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।

## बालक वर्ग में उदयपुर का दबदबा-

बालक वर्ग में उदयपुर के हर्षादित्य सिंह का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा। 200 मीटर फ्री स्टाइल, 200 मीटर व्यक्तिगत मिडले में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जयपुर के प्रतीक कुरड़िया और हर्दय भोजवानी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। 4 गुणा 50 मीटर फ्री स्टाइल रिले में उदयपुर, जयपुर और सीकर की टीमों ने क्रमशरू प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। सीकर के अमन सामोता ने भी कई स्पर्धाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## शाहपुरा का तरणताल बना राज्य स्तरीय प्रतिभा केंद्र--

समापन समारोह में राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने कहा कि, ÷शाहपुरा का तरणताल पूरे राज्य में श्रेष्ठ सुविधाओं वाला केंद्र बन चुका है। यहां जिस प्रकार से प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।÷ प्रतियोगिता के दौरान आयोजन समिति द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और अनुशासित रखी गई। दर्शकों और अभिभावकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। बच्चों की अनुशासन, समर्पण और प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि राजस्थान की तैराकी प्रतिभा भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सफलता के झंडे गाड़ सकती है।

जिला तैराकी संघ के सचिव नरेश बूलिया ने कहा कि शाहपुरा में हुई यह प्रतियोगिता न केवल तैराकी खेल के लिए प्रेरणास्त्रोत रही, बल्कि इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि यदि सुविधाएं और मंच उपलब्ध कराए जाएं तो ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों से भी बेहतरीन खिलाड़ी उभर सकते हैं। उदयपुर और जयपुर की विजयी टीमों के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों ने यह दिखा दिया कि राजस्थान की युवा पीढ़ी खेलों में नया इतिहास रचने को तैयार है।

# गौवंशो के उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: विधायक कोठारी

### विधायक ने जिला बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का किया था निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

(मूलचन्द पेसवानी )

शहर विधायक अशोक कोठारी द्वारा जिला बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था, चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई थी। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि विधायक कोठारी द्वारा जिला बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पशु चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सालय में कई गंभीर कमियां पाई गई थी, जिन पर विधायक ने गहरी चिंता व्यक्त की।

**मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदु सामने आए-**

सोनोग्राफी मशीन खराब= अस्पताल में लगी सोनोग्राफी मशीन काफ़ी पुरानी होने से सही नहीं पाई गई तथा अन्य जांचो की मशीने भी उपलब्ध नहीं मिली, चिकित्सा अधिकारियों द्वारा इस बारे में पूर्व में विधायक कों अवगत नहीं करवाया था।

**सर्जन डॉक्टर की कमी-** चिकित्सालय में सर्जन डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, जिससे गौवंशो के उपचार में बड़ी परेशानी आ रही है।

**रेडियोलॉजीस्ट की अनुपलब्धता-** स्टाफ द्वारा बताया गया कि सोनोग्राफी मशीन के लिए रेडियोलॉजीस्ट भी



उपलब्ध नहीं है। जिससे की इससे सम्बंधित जांचे नहीं हो पा रही है।

**दवाओं की कमी-** स्टोर से कुल 150 में से केवल 100 तरह की दवाइयां ही निःशुल्क उपलब्ध हो रही है।

**अव्यवस्था-** स्मरण रहे चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को लेकर आम जनता एवं गौसेवको में भारी नाराजगी आ रही है। लगातार शिकायतें मिल रही थी, विधायक ने चिकित्सा व्यवस्थाओं कों सुचारु करने के लिए चिकित्सालय टीम को निर्देशित किया, संसाधनों की कमी होने पर विभाग के अधिकारीयों को समय समय पर सूचित करें तथा विधायक ने आश्वास्त किया कि हमारे द्वारा भी हर संभव प्रयास किया जाएगा।

**स्टाफ की कमी-** चिकित्सालय में स्टाफ की कमी का मुद्दा भी सामने आया, जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में अपने स्तर से शीघ्र कार्यवाही करेंगे।

विधायक कोठारी ने समस्त अधिकारियों को इन कमियों को तुरंत दूर करने और व्यवस्थाओं में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंशो के उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## QUICK BITES

### हमें परेशानी से बचने के लिए एक दूसरे की तुलना करना बंद कर देना चाहिए: संत अर्जुनराम

**विवेकानंद शाखा की भारत विकास भवन पर हुई विचार गोष्ठी संपन्न, गोष्ठी में परिषद की ओर से संतों का किया स्वागत अभिनंदन**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा की विचार गोष्ठी शास्त्री नगर स्थित भारत विकास भवन पर आयोजित हुई। शाखा के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल एवं सचिव केजी सोनी ने बताया गोष्ठी में रामस्नेही संप्रदाय के प्रखर विद्वान संत अर्जुन राम ने कहा कि भारत में जीवन जीने के सैकड़ो विकल्प है। ऐसी महान संस्कृति के हम संवाहक है। हम सनातन के हीरो एवं सभी महापुरुष हमारे आदर्श हैं। हमें अभाव एवं औरो के प्रभाव से परेशान नहीं होना चाहिए। हमें परेशानी से बचने के लिए एक दूसरे की तुलना करना बंद कर देना चाहिए। हमें बालकों को अच्छे संस्कार देना चाहिए समय-समय पर गलती करने पर समझाना चाहिए। बालक किसी भी हालत में मर्यादा को ना उलांगे उसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। सम्यक आकार से ही हम संस्कार दे सकते हैं। भारत विकास परिषद संस्कार का केंद्र है। संस्कार के क्षेत्र में परिषद का कार्य अच्छा है। सीमित संसाधनों में भी हम सुखी रह सकते हैं। हमारा व्यवहार अच्छा होना चाहिए। राम की मर्यादा एवंराष्ट्र की भावनाओं को हमें ख्याल रखना चाहिए। गोष्ठी के प्रारंभ में परिषद की ओर से संतों का स्वागत अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। गोष्ठी में परिषद के पारस मल बोहरा, शान्तिलाल पानगडिया, विनती तापड़िया, सुचिता झंवर, रजनीकांत आचर्य, कैलाश अजमेरा, शिव इनाणी आदि सदस्यों सहित मातृशक्ति मौजूद रही। संचालन केजी सोनी ने किया।

### अन्नपूर्णा रसोई बंद होने से लोगों ने रोष प्रकट किया

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**( रमेश चंद्र डाड)** बाण माता गोवटा बांध पर संचालित अन्नपूर्णा रसोई बंद होने से लोगों ने रोष प्रकट किया ।जानकारी के अनुसार अन्नपूर्णा रसोई अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हुई तब से 50-60 व्यक्ति नियमित रूप से भोजन कर रहे हैं । गोवटा बांध के आसपास मजदूरी करने वाले मजदूर , शैलानी व निराश्रित लोग टोकन लेकर यहाँ से भोजन प्राप्त करते हैं 29 जून 2025 से अन्नपूर्णा रसोई बंद होने से उनको भोजन मिलना दूभर हो गया है । लोगो ने अन्नपूर्णा रसाई घर के बाहर प्रदर्शन कर इसे शुरू करवाने के लिए सरकार से मांग की है।

### मानसून क्रिकेट कप 12 जुलाई से प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में शनिवार 12 जुलाई से न्यू लुक सेंट्रल स्कूल ग्राउंड पर प्रथम मानसून क्रिकेट कप टूर्नामेंट प्रारंभ होगा। एकेडमी कोच त्रिलोक भीरानिया ने बताया कि प्रतियोगिता दो ग्रुप अंडर 14 एवं अंडर 17 ग्रुप में खेली जाएगी। अंडर 14 ग्रुप में 1-9-2011 के पश्चात जन्म वाला खिलाड़ी वह अंडर 17 ग्रुप में 1-9-2008 के पश्चात जन्म लेने वाला खिलाड़ी खेल सकेगा। दोनों ग्रुप में चार- चार टीमें भाग लेगी। सभी मैच शनिवार एवं रविवार को 25- 25 ओवर के रेड लेदर बॉल वह व्हाइट ड्रेस में खेले जाएंगे। भाग लेने की इच्छुक टीमें दिनांक 5 जुलाई तक अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890